चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 8758
दिनांक : 01.05.2024

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय परीक्षाएं सुचारू एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न हों इसलिए कतिपय स्ववित्त पोषित परीक्षा केन्द्रों पर अनुदानित / राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों को बाह्य केन्द्र अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

उड़ाका दल की विभिन्न टीमों ने अवगत कराया है कि कुछ महाविद्यालयों के निरीक्षण के दौरान बाह्य वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक परीक्षा केन्द्र से अनुपस्थित पाये जा रहे हैं। यह एक गम्भीर विषय है जिसके कारण परीक्षाओं की शुचिता प्रभावित हो सकती है।

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार समस्त बाह्य वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षकों को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दौरान आवश्यक रूप से उपस्थित रहें। यदि किसी आपातकालीन परिस्थितिवश बाह्य वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक किसी विशेष दिन परीक्षा केन्द्र पर जाने में असमर्थ है तो इसकी सूचना पूर्व में ही अधोहस्ताक्षरी के ई–मेल आई0डी0 : examcontroller@ccsuniversity.ac.in के साथ–साथ अपने मातृ महाविद्यालय के प्राचार्य को सूचित करें।

बिना पूर्व सूचना / अनुमति के परीक्षा केन्द्र पर अनुपस्थित पाये जाने वाले बाह्य वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त किया जायेगा एवं भविष्य में उन्हें इस ड्यूटी के लिये अयोग्य पाया जायेगा।

01.05.2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त समस्त बाह्य वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. संयोजक–विशेष उड़ाका दल, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
4. संयोजक–सी0सी0टी0वी0 कण्ट्रोल रूम, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।

01.05.2024
परीक्षा नियंत्रक